# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर

राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर

क्रमांक:प.14(66)(1)RSSB / अर्थना / मा.शि.वि. / पीटीआई ग्रेड–III / पा.जां / 2018 / 1371 दिनांक : 19/11/2019

## कार्यालय आदेश

बोर्ड की विज्ञप्ति संख्या 09 / 2018 दिनांक 04.05.2018 से शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक ग्रेड–III के कुल 4500 (गैर अनुसूचित क्षेत्र के 3930 एवं अनुसूचित क्षेत्र के 570) पदों पर एवं संशोधित अर्थना दिनांक 16.07.2019 से 155 एम.बी.सी (अति पिछड़ा वर्ग) के अतिरिक्त पदों पर भर्ती हेतु ऑनलाईन आवेदन आंमत्रित किये गये थे। बोर्ड द्वारा श्रेणीवार वरीयता कम से गैर–अनुसूचित क्षेत्र के 3863 तथा अनुसूचित क्षेत्र के 463 अभ्यर्थियों का शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक ग्रेड–III के पद पर अंतिम रूप से चयन किया जाकर पदस्थापन की अभिशंषा शिक्षा विभाग को भिजवायी जा चुकी है।

शिक्षा विभाग व बोर्ड के जांच दलों द्वारा पात्रता जांच एवं दस्तावेज सत्यापन में थल, जल, वायु सेना के भूतपूर्व सैनिकों को प्रोविजनल चयन सूची में रखा गया था। उक्त भूतपूर्व सैनिकों के प्रोविजनल प्रकरणों का अंतिम रूप से निस्तारण किये जाने के संबंध में अस्थाई रूप से चयन हेतु सूचीबद्ध भूतपूर्व सैनिक अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उनके द्वारा प्रस्तुत शारीरिक प्रशिक्षण प्रमाण पत्रों की शिक्षा विभाग व कार्मिक विभाग के परिप्रेक्ष्य में जांच की जा रही है। यदि किसी ऐसे अभ्यर्थी द्वारा अपने शारीरिक प्रशिक्षण प्रमाण पत्र के संबंध में कोई प्रमाण प्रस्तुत किया जाना हो तो वे दिनांक 22.11.2019 तक बोर्ड कार्यालय में प्रस्तुत कर सकेंगे।

(डॉ. मुकुट बी.जांगिड़)
सचिव